D–3244

B. A. (Part III) EXAMINATION, 2020

HINDI LITERATURE

Paper Second

(हिन्दी भाषा साहित्य का इतिहास तथा काव्यांग विवेचन)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। यथासम्भव एक प्रश्न के खण्ड एक ही स्थान पर लिखिए।

1. हिन्दी भाषा के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए। 11

अथवा

राष्ट्रभाषा और राजभाषा के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए राष्ट्रभाषा की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

2. स्रोत के आधार पर हिन्दी शब्द समूह का परिचय दीजिए। 11

अथवा

तत्सम एवं तद्‌भव शब्दों का आशय स्पष्ट करते हुए **पाँच-पाँच** उदाहरण दीजिए।

3. रीतिकालीन काव्य की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। 11

अथवा

नयी कविता का परिचय देते हुए, नयी कविता की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. काव्य एवं काव्य प्रयोजन का वर्णन कीजिए। 11

अथवा

रस के प्रकार उदाहरण सहित समझाइए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 16

(i) संचार भाषा

(ii) भक्तिकालीन साहित्य

(iii) तारसप्तक

(iv) चौपाई

(v) रस के अंग

(vi) प्रगतिवाद

(vii) अर्थालंकार

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(i) वीरगाथा काल को और कौन सा काल कहा जाता है ?

(ii) कबीर के काव्य की भाषा क्या कहलाती है ?

(iii) किस रस को रसराज कहा जाता है ?

(iv) प्रयोगवाद के प्रवर्तक कवि का नाम लिखिए।

(v) नानक देव किस पंथ के प्रवर्तक हैं ?

(vi) सूरदास के गुरु कौन थे ?

(vii) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन किस सन् से शुरू किया ?

(viii) गद्य की **पाँच** विधाओं के नाम लिखिए।

(ix) ब्रजभाषा के **एक** कवि का नाम बताइए।

(x) 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा जाता है ?

(xi) 'अंधा युग' किसकी रचना है ?

(xii) 'आषाढ़ का एक दिन' किस विधा की रचना है ?

(xiii) 'पुत्र के प्रति स्नेह' में क्या रस है ?

(xiv) 'साकेत' किसकी रचना है ?

(xv) रसखान के आराध्य देव कौन हैं ?

(xvi) विद्यापति की काव्य भाषा का नाम लिखिए।

(xvii) भरतमुनि ने किस शास्त्र की रचना की थी ?

(xviii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र किस काल के रचनाकार माने जाते हैं ?

(xix) मीराबाई के गुरु का नाम बताइए।

(xx) चंदबरदाई के प्रसिद्ध ग्रन्थ का नाम लिखिए।